आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.12.2025/प्रादेशिक समाचार/0920 बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर राष्ट्रंपति द्रौपदी मुर्मु पुरस्कार विजेताओं को करेंगी सम्मानित ।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश में अगले शैक्षणिक सत्र से छात्रों के लिए मोबाइल फोन पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाने का लिया निर्णय।
- धर्मशाला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैदान में आज भारत और दक्षिण अफ्रीका तीसरे टी–20 अंतरराष्ट्रीय मैच में आमने–सामने।
- पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज प्रदेश के उंचाई वाले कुछ क्षेत्रों में बारिश व बर्फबारी की संभावना।

ऊर्जा संरक्षण दिवस–राष्ट्रंपति

आज राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस है। ये दिवस प्रतिवर्ष 14 दिसंबर को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उर्जा दक्षता में राष्ट्र की उपलब्धियों को उजागर करना है। इस अवसर पर राष्ट्रंपति द्रौपदी मुर्मु राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित करेंगी। वे ऊर्जा संरक्षण संबंधी राष्ट्रीय चित्रकारी प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मु इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगी।

जे पी नड्डा

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। शिमला में, कल पार्टी भवन के शिलान्यास के बाद नड्डा ने कहा कि देशभर में बन रहे भाजपा कार्यालय मूल्यों और सिद्धांतों के केंद्र हैं, जो जनता की सेवा और देश की उन्नति के लिए कार्यरत हैं। नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार ने वक्फ बोर्ड अधिनियम में संशोधन और तीन तलाक को समाप्त कर मुस्लिम समुदाय को राहत दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा विचारधारा–आधारित पार्टी है, जबकि कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दलों की कोई विचारधारा नहीं है। नड्डा ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आर्थिक और सामाजिक सुधारों के कारण भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में गुणात्मक शिक्षा मुहैया करवाने के उद्देश्य से सरकार ने स्कूलों में अगले शैक्षणिक सत्र से छात्रों के लिए मोबाइल फोन पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाने का निर्णय लिया है। शिमला में आयोजित कल समग्र शिक्षा के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को गुणात्मक और बेहतर शिक्षा देने के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्प है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि मिड डे मील के तहत बच्चों को बेहतर पोषण देने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

## भारत–दक्षिण अफ्रीका

हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैदान में आज भारत और दक्षिण अफ्रीका तीसरे टी–20 अंतरराष्ट्रीय मैच में आमने–सामने होंगे। पांच मैचों की सीरीज़ अभी दोनों देश 1–1 मैच जीतकर बराबर पर है। यह मैच शाम सात बजे शुरू होगा। अधिक ब्यौरे के साथ समाचार कक्ष से हमारी सहयोगी..................

*धौलाधार की खुबसूरत पहाड़ियों के बीच धर्मशाला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैदान में आज भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी–20 क्रिकेट मैच खेला जाएगा। भारत ने सीरीज़ की मज़बूत शुरुआत की, पहले मैच में उसने 101 रनों से शानदार जीत हासिल की, और लगभग हर क्षेत्र बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत पक्की कर थी। हालाँकि, दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे मैच में वापसी की और भारत को 51 रनों से हरा दिया। पांच मैचों की सीरीज़ अभी दोनों देश 1–1 मैच जीतकर बराबरी पर है। आज होने वाले मैच के रोमांचक होने की उम्मीद है। प्रशासन की ओर से स्टेडियम में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।*

## मुख्यमंत्री शगुन योजना

प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री शगुन योजना के अन्तर्गत किन्नौर में सामाजिक सुरक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाये गये है। जिला कार्यक्रम अधिकारी जय कुमार ने गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना से किन्नौर जैसे जनजातीय क्षेत्र में सामाजिक सुरक्षा व जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक मजबूती मिली है।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। पश्चिमी विक्षोभ के असर से लाहौल–स्पिति, किन्नौर, कुल्लू व चंबा की उंची चोटियों पर हल्की बफवारी दर्ज की गई है। इस बर्फबारी से इन क्षेत्रों में ठंड बढ गई है। राज्य में बारिश न होने से फलों और फसलों पर विपरीत प्रभाव पड रहा है। मैदानी इलाकों में कई जगह गेहूं की बुआई में देरी हो रही है। बारिश व बर्फबारी न होने से किसान व बागवान चितिंत है।

मौसम विभाग के अनुसार आगामी 24 घंटों में लाहौल–स्पिति , किन्नौर, चंबा व कुल्लू के उंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी की संभावना है वहीं राज्य के अन्य जिलों में मौसम साफ बना रहेगा।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से................

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के हवाले से लिखता है–केंद्र ने प्रदेश को दिए हजारों करोड़ रूपये राज्य सरकार ने नहीं किया उपयोग। पंजाब केसरी के शब्द हैं– केंद्र ने आपदाओं से निपटने के लिए दिए 3 हजार 7 सौ उनासी करोड़ लेकिन हिमाचल में हुआ भ्रष्टाचार।

हिमाचल दस्तक मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–अगले सत्र से स्कूलों में मोबाइल फोन ले जाने पर प्रतिबंध।

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है–प्रदेश की उंची चोटियों पर बर्फ के फाहे गिरे, मैदानों में छाए बादल, 3 डिग्री गिरा पारा।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर

- राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर राष्ट्रंपति द्रौपदी मुर्मु पुरस्कार विजेताओं को करेंगी सम्मानित ।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश में अगले शैक्षणिक सत्र से छात्रों के लिए मोबाइल फोन पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाने का लिया निर्णय।
- धर्मशाला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैदान में आज भारत और दक्षिण अफ्रीका तीसरे टी–20 अंतरराष्ट्रीय मैच में आमने–सामने।
- पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज प्रदेश के उंचाई वाले कुछ क्षेत्रों में बारिश व बर्फबारी की संभावना।